गेल (इंडिया) लिमिटेड

जीआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, वाघोडिया, जिला: वडोदरा, गुजरात-391760

फोन : 02668 – 267353, 267340; ई –मेल : hrvaghodia@gail.co.in

निगमित पहचान सं.: L40200DL1984GOI018976

गैर-कार्यपालकों की भर्ती

गेल (इंडिया) लिमिटेड, जो सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उपक्रम है, गुजरात राज्य में अवस्थित कार्य केन्द्रों/ यूनिटों के लिए नीचे **तालिका-I** में वर्णित गैर-कार्यपालकों की पद और श्रेणीवार रिक्तियों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

तालिका- I

रु. 10500-24000 के वेतनमान में ग्रेड एस-0 में ग्रुप 'घ' के पद					
पद	यू आर	अ.जा.	अ.ज.जा	ओबीसी (एनसीएल)	कुल
जूनियर फायरमैन	07	-	01	02	10
कुल (ग्रेड एस-0)	**07**	**-**	**01**	**02**	**10**
रु.12500-33000 के वेतनमान में ग्रेड एस-3 में ग्रुप 'ग' के पद					
पद	यू आर	अ.जा.	अ.ज.जा	ओबीसी (एनसीएल)	कुल
सहायक (भंडार एवं क्रय)	01	-	-	01	02
ऑपरेटर (फायर)	01	-	-	01	02
कुल (ग्रेड एस-3)	**02**	-	-	**02**	**04**
रु.14500-36000 के वेतनमान में ग्रेड एस-5 में ग्रुप 'ग' के पद					
पद	यू आर	अ.जा.	अ.ज.जा	ओबीसी (एनसीएल)	कुल
सहायक इंस्पेक्टर (फायर)	02	-	01	-	03
कुल(ग्रेड एस-5)	**02**	-	**01**	-	**03**
कुल (सभी पद)	**11**	-	**02**	**04**	**17**

1. उपर्युक्त पदों के लिए न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम अनिवार्य अनुभव और अधिकतम आयु सीमा का विवरण तालिका-II में नीचे दिया गया है :

तालिका –II

क्र. सं.	पद	न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	न्यूनतम अनिवार्य अनुभव	अधिकतम आयु सीमा (वर्ष)
1	**जूनियर फायरमैन** ग्रेड: एस-0 वेतनमान: रु.10,500 – 24 ,000/-	10वीं पास और कम से कम 06 महीने का फायरमैन प्रशिक्षण कोर्स	अभ्यर्थी को केवल तेल/ गैस / बड़े इंटीग्रेटेड पेट्रोकैमिकल संयंत्र / फर्टीलाइजर संयंत्र / रिफाइनरी में योग्यता पश्चात 01 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।	25 वर्ष
2	**सहायक (भंडार एवं क्रय)** ग्रेड: एस-3 वेतनमान: रु.12,500 - 33 ,000/-	न्यूनतम 55% अंकों के साथ बैचलर डिग्री और अंग्रेजी में न्यूनतम 40 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग की स्पीड (कंप्यूटर पर) होनी चाहिए । अभ्यर्थियों को पसर्नल कंप्यूटर प्रचालन में कुशल होना चाहिए।	योग्यता पश्चात 01 वर्ष का अनुभव होना चाहिए । तेल एवं गैस या पेट्रोकैमिकल इंडस्ट्री में इस क्षेत्र में काम करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्रथमिकता दी जाएगी ।	30 वर्ष
3	**ऑपरेटर (फायर)** ग्रेड: एस-3 वेतनमान: रु.12 ,500 - 33 ,000/-	10+2 या समकक्ष और कम से कम 06 महीने का फायरमैन का प्रशिक्षण कोर्स । भारी वाहनों/ फायर टेंडर के लिए ड्राइविंग लाइसेंस; पम्प/ अन्य आग बुझाने वाले उपकरण चलाने में कुशलता।	केवल तेल/ गैस / बड़े इंटीग्रेटेड पेट्रोकैमिकल संयंत्र / फर्टीलाइजर संयंत्र / रिफाइनरी में योग्यता पश्चात 02 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।	30 वर्ष
4	**सहायक इंस्पेक्टर (फायर)** ग्रेड: एस-5 वेतनमान: रु.14,500 - 36,000/-	न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान में बैचलर डिग्री (बी.एससी.) और नेशनल फायर सर्विसेज कॉलेज, नागपुर का फायर फाइटिंग कोर्स (सब- ऑफिसर का कोर्स) या समकक्ष **अथवा** न्यूनतम 55 % अंकों के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और नेशनल फायर सर्विसेज कॉलेज, नागपुर का फायर फाइटिंग कोर्स (सब- ऑफिसर का कोर्स) या समकक्ष ।	केवल तेल/ गैस / बड़े इंटीग्रेटेड पेट्रोकैमिकल संयंत्र / फर्टीलाइजर संयंत्र / रिफाइनरी में योग्यता पश्चात 02 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।	32 वर्ष

2. <u>अनिवार्य योग्यता(एं) एवं अनिवार्य अनुभव के परिप्रेक्ष्य में नियम एवं शर्तें</u> *[जैसा तालिका II के संबंधित कालम में उल्लेख किया गया है]*

2.1 अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता(एं) **तालिका II** में प्रत्येक पद के सामने दर्शाए अनुसार होगी।

2.2 केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम ही मान्य हैं। इसके अंतर्गत कक्षा X एवं XII परीक्षा से प्रारंभ हो कर आईटीआई, डिप्लोमा , बैचलर डिग्री इत्यादि सभी योग्यताएं आएंगी जिनका उल्लेख तालिका II के न्यूनतम अनिवार्य योग्यता(ओं) के कॉलम में किया गया है।

2.3 **बैचलर डिग्री** योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/मान लिए गए भारतीय विश्वविद्यालय या एआईसीटीई स्वीकृत स्वायत्तशासी भारतीय संस्थानों (जहां भी लागू हों) से अहरित होनी चाहिए । **आईटीआई/एनएसी** योग्यता संबंधित राज्य तकनीकी और वोकेशनल ट्रेनिंग (एससीटीवीटी) परिषद/राष्ट्रीय तकनीकी और वोकेशनल ट्रेनिंग (एनसीटीवीटी) परिषद से मान्य होनी चाहिए। इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की योग्यता (यदि लागू हो) संबंधित राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से मान्य होनी चाहिए।

2.4 अनिवार्य योग्यता(ओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत, जैसा कि ऊपर दर्शाया गया है, संबंधित इन्स्टीट्यूट / विश्वविद्यालय के नियमों/मानदंडों के अनुसार माना जाएगा।

2.5 जहां भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए या लैटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाई गई पद्धति के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाए जाने चाहिए।

2.6 प्रत्येक रिक्ती के सामने उल्लिखित संबंधित अनुभव अनिवार्य रूप से योग्यता पश्चात होना चाहिए । इंडस्ट्रियल/ वोकेशनल/एप्रेंटिस प्रशिक्षण , जो पाठ्यक्रम का हिस्सा है, को अनुभव नहीं माना जाएगा । उपरोक्त पदों के लिए संबंधित क्षेत्र में अभ्यर्थी के अनुभव की गणना न्यूनतम अनिवार्य योग्यता पश्चात् **05.12.2014** की स्थिति के अनुसार की जाएगी।

3. <u>अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हेतु न्यूनतम अर्हक अंकों के प्रतिशत में छूट</u>

3.1 अ.जा./अनु.ज.जाति एवं पी डब्ल्यू डी के अभ्यर्थियों के परिप्रेक्ष्य में अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हेतु न्यूनतम प्रतिशत में निम्नानुसार छूट दी गई है :

3.1.1 जहां अंकों का न्यूनतम अर्हक प्रतिशत 55 % विनिर्दिष्ट है **वहां अनु. जाति, अनु.ज.जाति एवं पी डब्ल्यू डी के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता दी गई छूट के अनुसार 50% है।**

3.2.2 यदि अनु.जाति/अनु.जन.जाति के आवेदक अनारक्षित (यूआर) चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम अर्हक प्रतिशत में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

4. <u>अधिकतम आयु सीमा एवं आयु में छूट</u>

4.1 उपर्युक्त पदों हेतु अधिकतम आयु सीमा उनके सामने **तालिका-II** में दर्शाई गई है।

4.2 ऊपर निर्दिष्ट अधिकतम आयु सीमा दिनांक **05.12.2014** को होनी चाहिए।

4.3 अधिकतम आयु सीमा में अ.जाति/अनु.जन.जाति के अभ्यर्थियों को 05 वर्ष की, ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थियों को 03 वर्ष की छूट दी जाएगी । पी डब्ल्यू डी-सामान्य को 10 वर्ष, पी डब्ल्यू डी- ओबीसी (एनसीएल) को 13 वर्ष एवं पी डब्ल्यूडी -अनु.जाति/अनु.जन.जाति हेतु 15 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी ।

4.4 यदि अ.जा./अनु.ज.जाति/ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थी अनारक्षित (यूआर) के लिए चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें अधिकतम आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

4.5 दिनांक 1.1.1980 और 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी ।

4.6 उन भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में छ: माह तक निरंतर सेवा की है उन्हें अपनी वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यह आयु यदि अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से 03 वर्ष से अधिक नहीं होती तो यह समझा जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता/करती है ।

4.7 सहकारी संस्थाओं जैसे मैसर्स प्रोग्रेसिव टेक्नीकल वर्कर्स कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, वाघोडिया एवं वडोदरा, मैसर्स अलाइड सर्विसेज़ वर्कर्स कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, वाघोडिया, मैसर्स वशिष्ठ टेक्नो एंड नॉन – टेक्नो क्राफ्ट्स लेबर कांट्रेक्ट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, राजमंड्री के सदस्यों तथा गेल की विभिन्न अवस्थितियों में परियोजना प्रभावित लोगों को आयु में छूट दी जाएगी बशर्ते वे उसके समर्थन में दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करें और वे उपयुक्त पाई जाएं ।

5. <u>परिलब्धियां</u>

5.1 **एस -0** ग्रेड हेतु चयनित अभ्यर्थी को **रु.10500-24000/-** के वेतनमान में रू. 10500 के मूल वेतन पर रखा जाएगा, **एस -3** ग्रेड हेतु चयनित अभ्यर्थी को **रु.12500-33000/-** के वेतनमान में रू. 12500 के मूल वेतन पर रखा जाएगा **और एस -5** ग्रेड हेतु चयनित अभ्यर्थी को **रु.14500-36000/-** के वेतनमान में रू. 14500 के मूल वेतन पर रखा जाएगा एवं वे क्रमश: **एस - 0** , **एस -3 और एस-5** ग्रेड में एक-एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। मूल वेतन के अलावा लागू दर के अनुसार परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) एवं कंपनी में प्रचलित और समय – समय पर संशोधित अन्य लागू हितलाभ और भत्ते देय होंगे । अंशदायी भविष्य निधि एवं ग्रेच्युटी के अलावा कर्मचारी, जिन्होंने न्यूनतम 15 वर्ष तक गेल की सेवा की हो और सेवानिवृत्त हो रहे हों, वे कंपनी में प्रचलित और समय – समय पर संशोधित कंपनी की परिभाषित अंशदायी योजना के अंतर्गत पेंशन एवं सेवानिवृत्ति के उपरांत चिकित्सा लाभ के हकदार होंगे।

6 . <u>आवेदन शुल्क</u>

6.1 **सामान्य** एवं **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर**) श्रेणी के अभ्यर्थियों को **गेल (इंडिया) लिमिटेड के पक्ष में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , वाघोडिया, जिला: वडोदरा , (शाखा कोड: 9927) में देय डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर** के माध्यम से रु.50/- (पचास रुपये मात्र) के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा । डिमांड ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी का नाम और आवेदित पद लिखना चाहिए । एक बार आवेदन प्रस्तुत करने के बाद उसे वापस लेने की अनुमति नहीं होगी और भुगतान किए गए शुल्क को न तो वापस किया जाएगा और न ही किसी आगामी परीक्षा/चयन में समायोजित किया जाएगा ।

6.2 अ.जा./अ.ज.जा/पी डब्ल्यू डी के अभ्यर्थियों को इस शुल्क के भुगतान से मुक्त रखा गया है। तथापि, आवेदन शुल्क में छूट का दावा करने के लिए नीचे दिए अनुसार आवेदन फार्म की हार्ड प्रति अग्रेषित करते समय अनु.जाति/अनु.जनजाति के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी यथा लागू अनु.जाति/अनु.जनजाति प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतिलिपि और पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी विकलांगता प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।

7 . <u>आवेदन प्रक्रिया</u>

7.1 **अभ्यर्थियों को गेल की वेबसाइट : www.gailonline.com. द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने होंगे।** आवेदन के अन्य किसी भी प्रकार/मोड को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वेबसाइट दिनांक **12.11.2014** को **1100** बजे से दिनांक **05.12.2014** को **1800** बजे तक खुली रहेगी।

7.2 ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत अभ्यर्थी को सिस्टम द्वारा विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ जेनेरेटेड आवेदन प्रारूप, जिस पर फोटोग्राफ , हस्ताक्षर तथा अन्य विवरण के लिए स्थान दिया गया है, डाउनलोड करना चाहिए। अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसका प्रिंट आउट लेकर आवेदन प्रारूप को हस्ताक्षरित रूप में एवं हाल का ही खींचा गया रंगीन फोटो चिपकाकर अपेक्षित डिमांड ड्राफ्ट (जहां लागू हो) एवं निम्नलिखित प्रमाण पत्रों/ दस्तावेजों की अनुप्रमाणित सत्य प्रतिलिपि के साथ नीचे खंड सं. 7.5 में उल्लिखित पते पर भेजे:

(i) जन्म तिथि के साक्ष्य से संबंधित दस्तावेज

(ii) भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जाति/जनजाति प्रमाण पत्र (अजा/अजजा/ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थियों हेतु लागू) सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी विकलांगता प्रमाण पत्र (पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के मामले में) तथा भूतपूर्व सैनिक प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के मामले में)। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र **नवीनतम** होना चाहिए।

(iii) शैक्षणिक योग्यताओं के संबंध में सभी प्रमाणपत्र/शंसा प्रत्र (सभी सेमेस्टरों/वर्षानुसार अंक तालिका एवं डिग्री/डिप्लोमा /आईटीआई/एनएसी प्रमाण पत्र 10वीं कक्षा से प्रारंभ करते हुए)।

(iv) ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में अभ्यर्थी द्वारा यथा वर्णित अनुभव के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी पूर्ण अनुभव प्रमाणपत्र/ दस्तावेज । अनुभव के प्रमाण ऐसे होने चाहिए ताकि उनमें नाम, पदनाम, कंपनी की मुहर और संपर्क तथा दावित संपूर्ण अनुभव, रोजगार की अवधि (दिनांक, महीना और वर्ष) मूल वेतन व समेकित वेतन का उल्लेख (यदि संभव हो) करने वाले प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का ब्यौरा स्पष्ट रूप से शामिल हो। प्रमाणपत्र(त्रों) में किए गए कार्य का स्वरूप/ अवधि सहित पद(पदों) पर प्राप्त अनुभव का उल्लेख भी होना चाहिए। केवल नियुक्ति पत्र/वेतन पर्ची प्रस्तुत करना अनुभव का पर्याप्त प्रमाण नहीं माना जाएगा।

(v) अभ्यर्थी के केन्द्र/राज्य सरकार/पीएसयू/अर्धशासकीय संगठन में नियोजन के मामले में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र/ अग्रेषण पत्र।

(vi) **ऑपरेटर (फायर) के पद के लिए:** न्यूनतम 06 महीने के फायरमैन प्रशिक्षण कोर्स के संबंध में प्रमाणपत्र और **भारी वाहन/ फायर टेंडर के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति जिसमें जारी करने की तारीख हो**

(vii) **जूनियर फायरमैन के पद के लिए:** न्यूनतम 06 महीने के फायरमैन प्रशिक्षण कोर्स के संबंध में प्रमाणपत्र ।

(viii|) **सहायक इंस्पेक्टर (फायर) के पद के लिए:** नेशनल फायर सर्विसेज कॉलेज, नागपुर का फायर फाइटिंग कोर्स (सब- ऑफिसर का कोर्स) या उसके समकक्ष का प्रमाणपत्र ।

अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उपरोक्त सभी दस्तावेज जमा किए गए हैं । यदि अभ्यर्थी ऊपर उल्लेख किए गए किसी भी आवश्यक दस्तावेज को निर्धारित अवधि के अंदर जमा नहीं कर पाता है तो ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

7.3 ऑनलाइन आवेदन प्रारूप के प्रिंट आउट पर हाल का खींचा हुआ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाया जाना चाहिए । बिना फोटोग्राफ एवं इसके ऊपर हस्ताक्षर न होने पर ऑनलाइन आवेदन प्रारूप निरस्त कर दिया जाएगा । उसी फोटो की **तीन** प्रतियां साक्षात्कार के समय प्रयोग करने हेतु रखें । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपने हावभाव में परिवर्तन न करें । साक्षात्कार के समय इसी फोटोग्राफ को उपलब्ध न कराने पर आप अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं ।

7.4 **इस पद पर आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता संबंधी सभी मानदंडों एव शर्तों को पूरा किया गया है ।** भर्ती प्रक्रिया के दौरान यदि कोई अभ्यर्थी जिसने जिस पद के लिए आवेदन किया है और वह उसके योग्य नहीं पाया जाता है तो गेल को अधिकार है कि वह भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसका आवेदन निरस्त कर सकता है । इस संबंध में किए गए किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

7.5 ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट जो हस्ताक्षरित हो एवं उस पर वांछित डिमांड ड्राफ्ट (यदि लागू हो) के साथ पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाया गया हो एवं ऊपर उल्लेख किए गए सभी दस्तावेजों/शंसा पत्रों की अनुप्रमाणित सत्य प्रतियां संलग्न की गई हों (मद सं. 7.2) को **रजिस्टर्ड डाक /स्पीड पोस्ट द्वारा लिफाफे के ऊपर "____________________ पद के लिए आवेदन" (पद, पंजीकरण संख्या एवं श्रेणी : यूआर/ अ.जा./ अ.ज.जा / अ.पि.व. (एनसीएल) /पी डब्ल्यू डी जो भी लागू हो)** लिखकर निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें :

वरिष्ठ प्रबंधक (मा. सं. वि.),
गेल (इंडिया) लिमिटेड, जीआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट
वाघोडिया , जिला : वडोदरा
पिन - 391760

उपर्युक्त वर्णित अनुसार आवेदन और अन्य विवरण ऊपर दिए गए पते पर दिनांक 15.12.2014 तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए । गेल डाक में हुई किसी देरी अथवा क्षति/डिलीवरी न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा । इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा । गेल अलग से भेजे गए किसी प्रमाणपत्र/भुगतान को जोड़ने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

7.6 **सामान्य और ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने डिमांड ड्राफ्ट तैयार रखें क्योंकि ऑनलाइन आवेदन में डिमांड ड्राफ्ट के विवरण की भी प्रविष्टि करनी होगी। डिमांड ड्राफ्ट के विवरण के बिना ऑनलाइन आवेदन रजिस्टर्ड नहीं होगा।**

7.7 केवल उन्हीं अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिए हैं और आवेदन की हार्डप्रति अपेक्षित आवेदन शुल्क (यदि लागू हो) एवं सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय सीमा (**15.12.2014 तक**) में प्राप्त हो गए हैं। जो अभ्यर्थी सभी या कोई दस्तावेज जमा नहीं करा पाएं हैं उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

8. स्वास्थ्य/चिकित्सा फिटनेस

उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार अभ्यर्थी की चिकित्सा फिटनेस की शर्तों के अधीन होगी। कंपनी में किसी पद पर नियुक्ति के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार के चिकित्सालय (जो कम से कम जिला स्तर का हो) अथवा गेल द्वारा नामित इम्पैनल हॉस्पिटल से नियोजन पूर्व चिकित्सा जांच करानी अपेक्षित होगी और चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष अथवा सिविल सर्जन अथवा मेडिकल सुपरिटेंडेंट अथवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा केन्द्रीय/राज्य सरकार चिकित्सालय (जो कम से कम जिला स्तर का हो) के समतुल्य अधिकारी अथवा गेल द्वारा नामित इम्पैनल हॉस्पिटल द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी चिकित्सा रिपोर्ट जमा करना जरुरी होगा। कार्यग्रहण की स्वीकार्यता चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा फिटनेस प्रमाणपत्र, पदनामित सीमएओ, गेल (इंडिया) लिमिटेड के द्वारा पुन: स्वीकार किए जाने की शर्तों के अधीन होगी। गेल के पास बिना कोई कारण बताए अभ्यर्थी द्वारा जमा की गई चिकित्सा जांच रिपोर्ट की पुन: जांच अथवा पुनरीक्षा का अधिकार सुरक्षित है और गेल के पदनामित सीएमओ का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। चिकित्सा फिटनेस और नियोजन पूर्व चिकित्सा जांच हेतु चिकित्सा मानकों / प्रतिमानकों संबंधी विस्तृत दिशानिर्देश गेल वेबसाइट www.gailonline.com पर उपलब्ध हैं।

9. चयन प्रक्रिया*

नीचे तालिका में उल्लिखित पदों के लिए निम्नलिखित चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी :

रु. 10500-24000 के वेतनमान में ग्रेड एस-0 में ग्रुप 'घ' के पद	
पद	**चयन प्रक्रिया**
जूनियर फायरमैन	स्किल टेस्ट [अर्थात ट्रेड टेस्ट और/या शारीरिक सहनशक्ति टेस्ट] और/या चयन समिति के समक्ष इंटरव्यू
रु. 12500-33000 के वेतनमान में ग्रेड एस-3 में ग्रुप 'ग' के पद	
ऑपरेटर (फायर)	स्किल टेस्ट [अर्थात ट्रेड टेस्ट और/या शारीरिक सहनशक्ति टेस्ट] और चयन समिति के समक्ष इंटरव्यू
पद	**चयन प्रक्रिया**
सहायक (भंडार एवं क्रय)	स्किल टेस्ट [अर्थात कंप्यूटर टाइपिंग परीक्षा और कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा] और चयन समिति के समक्ष इंटरव्यू
रु. 14500-36000 के वेतनमान में ग्रेड एस-0 में ग्रुप 'ग' के पद	
पद	**चयन प्रक्रिया**
सहायक इंस्पेक्टर (फायर)	स्किल टेस्ट [अर्थात ट्रेड टेस्ट और/या शारीरिक सहनशक्ति टेस्ट] और चयन समिति के समक्ष इंटरव्यू

* ऊपर वर्णित चयन प्रक्रिया टेंटेटिव है। लेकिन कंपनी की प्रशासनिक/ व्यापारिक आवश्यकताओं के आधार पर चयन प्रक्रिया में अंतर हो सकता है।

10. <u>अन्य नियम एवं शर्तें तथा सामान्य अनुदेश</u>

10.1 केवल भारतीय राष्ट्रीयता वाले ही आवेदन करने के पात्र हैं ।

10 .2 अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे इस विज्ञापन के सभी पात्रता मानदण्डों तथा अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और ऑनलाइन आवेदन उनके द्वारा भरी गई जानकारी तथा उसके बाद जमा किए गए (उपर्युक्त उल्लिखित मद सं. 7.2 के अनुसार) दस्तावेज सभी प्रकार से सही है । चयन प्रक्रिया में शामिल किए जाने मात्र से यह तात्पर्य नहीं होगा कि कंपनी (गेल) अभ्यर्थी की पात्रता से संतुष्ट है । चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि यह पता लगता है कि अभ्यर्थी किसी पात्रता मानदण्ड को पूरा नहीं करता/करती है और/अथवा उसने कोई असत्य सूचना दी है अथवा किसी मुख्य तथ्य(यों) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त माना जाएगा । यदि इनमें से किसी भी कमी का पता नियुक्ति के बाद भी चलता है तो भी उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी ।

10.3 ऑनलाइन आवेदन में घोषित डाक के पते/ई-मेल आईडी/संवर्ग/पद में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

10.4 **<u>अभ्यर्थी के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए</u>** । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ई-मेल आईडी (ऑनलाइन आवेदन में प्रविष्टि करना अनिवार्य है) को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें । एक बार प्रविष्टि के बाद ई-मेल आईडी में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी । अभ्यर्थी के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे । ऑनलाइन आवेदन के आंकड़ों और जमा किए गए दस्तावेजों के आधार पर ऊपरी तौर से पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने संबंधी सभी सूचनाएं/पत्राचार ई-मेल के द्वारा प्रदान की जाएंगी । सूचनाओं/पत्राचार को प्राप्त करने और उन्हें डाउनलोड किए जाने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । अभ्यर्थी द्वारा अवैध/गलत ई-मेल आईडी दिए जाने के कारण गेल भेजे गए ई-मेल की क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

10.5 ऑनलाइन आवेदन के आंकड़ों और जमा किए गए दस्तावेज़ों के आधार पर ऊपरी तौर पर पात्र पाए गए अभ्यर्थियों की छंटनी की गई सूची के अनुसार ही अभ्यर्थियों को यथास्थिति टेस्ट और /या इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा । यदि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **120 दिनों** के अंदर आवेदक को कोई पत्राचार प्राप्त नहीं होता है तो उसे यह मान लेना चाहिए कि उसका नाम टेस्ट और /या इंटरव्यू हेतु छंटनी की गई सूची में नहीं है ।

10.6 अनु.जाति/अनु.जनजाति/ओबीसी (गैर क्रीमी लेयर)/पीडब्ल्यूडी (विकलांगता प्रतिशत 40% या अधिक) के लिए छूट/आरक्षण सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार लागू हैं ।

10.7 एक बार ऑनलाइन आवेदन में संवर्ग (अनु.जाति/ अनु.जनजाति /ओबीसी (एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी) भरे जाने के बाद उसे बदला नहीं जाएगा और बाद में अन्य संवर्ग का कोई लाभ देय नहीं होगा ।

10.8 ऐसे ओबीसी अभ्यर्थी जो “क्रीमी लेयर” में आते हैं, ओबीसी रियायत पाने के हकदार नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को अपने संवर्ग का उल्लेख “सामान्य” के तौर पर करना चाहिए ।

10.9 केन्द्रीय/राज्य सरकार विभागों, केन्द्रीय/राज्य सरकार/ पीएसयू / अर्ध सरकारी संगठनों में नियोजित अभ्यर्थियों को अपने आवेदन उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित करने चाहिए अथवा साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC)/ अग्रेषण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए । ***यदि अभ्यर्थी का आवेदन-पत्र उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित नहीं किया गया है अथवा अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्त अनापत्ति प्रमाणपत्र)/ अग्रेषण पत्र को प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।***

10.10 यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना असत्य है अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदण्डों की पुष्टि नहीं करती है तो किसी भी रजिस्टर्ड अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण अथवा भर्ती के बाद अथवा कार्य ग्रहण के बाद निरस्त किया जा सकता है।

10.11 यदि ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट ऊपर उल्लिखित अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्राप्त नहीं होता है अथवा बिना हस्ताक्षर के प्राप्त होता है अथवा पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ के बिना प्राप्त होता है अथवा बिना आवेदन शुल्क (यदि लागू है) के प्राप्त होता है अथवा अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है अथवा एक से अधिक बार ऑनलाइन रजिस्टर किया जाता है तो रजिस्टर्ड अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को भी निरस्त किया जा सकता है।

10.12 गेल के पास न्यूनतम पात्रता मानदण्डों को ऊपर उठाए जाने का अधिकार सुरक्षित है। गेल के पास बिना कोई सूचना दिए अथवा बिना कोई कारण, वह जो भी हो, बताए उपर्युक्त सभी अथवा किसी पद को भरने अथवा न भरने तथा भर्ती/चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/ रुपांतरित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है।

10.13 निर्धारित योग्यता/अनुभव न्यूनतम हैं और उन्हें धारण करने मात्र से कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में शामिल होने का पात्र नहीं हो जाता। इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा।

10.14 पीडब्ल्यूडी के लाभ का दावा करने के लिए अभ्यर्थियों को विशेष रोज़गार कार्यालय/पीडब्ल्यूडी के लिए व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र के मेडिकल बोर्ड अथवा सरकारी सिविल अस्पताल के संबंधित विभाग के प्रमुख द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए जिससे निर्धारित विकलांगता मानदण्ड सुनिश्चित हो सकें। अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणपत्र जमा करना अपेक्षित है। निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए गेल वेबसाइट www.gailonline.com के कैरियर सेक्शन में संबंधित लिंक "Download prescribed format for SC/ST/OBC (NCL)/PWD certificate" को क्लिक करें। यदि अभ्यर्थी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता/रहती है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

10.15 अनु.जाति/अनु.जनजाति संवर्ग के उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए। निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए गेल वेबसाइट www.gailonline.com के कैरियर सेक्शन में संबंधित लिंक "Download prescribed format for SC/ST/OBC (NCL)/PWD certificate" को क्लिक करें। यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता/रहती है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

10.16 ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) संवर्ग के उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी नवीनतम जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए। निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए गेल वेबसाइट www.gailonline.com के कैरियर सेक्शन में संबंधित लिंक "Download prescribed format for SC/ST/OBC (NCL)/PWD certificate" को क्लिक करें। ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र में अंकित जाति और समुदाय का नाम अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में अवश्य प्रकाशित होना चाहिए। यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता/रहती है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को यदि चयन प्रक्रिया हेतु बुलाया जाता है तो एक स्व-वचनपत्र देना होगा कि चयन प्रक्रिया में शामिल होने के समय वे ओबीसी (एनसीएल) संवर्ग के हैं।

10.17 उपर्युक्त पदों के लिए चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए छंटनी किए गए अभ्यर्थियों की सूची और नियुक्ति हेतु चुने गए अभ्यर्थियों की सूची गेल वेबसाइट www.gailonline.com पर यथासमय अभ्यर्थियों की जानकारी हेतु प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए गेल वेबसाइट www.gailonline.com देखते रहें।

10.18 आवेदक द्वारा किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष कन्वेसिंग से उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य कर दिया जाएगा। इस विज्ञापन के आधार पर भर्ती से संबंधित किसी विवाद का निपटारा केवल **वडोदरा न्यायालय** के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत किया जाएगा।

10.19 **महत्वपूर्ण तारीखें**

क्र.सं.	गतिविधि	टेंटेटिव तारीख
1	अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का प्रारंभ	**12.11.2014 (11.00 बजे)**
2	अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि	**05.12.2014 (18.00 बजे)**
3	खंड सं. 7.2 के अनुसार सभी अपेक्षित दस्तावेजों और सूचना के साथ हार्ड प्रति में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख	**15.12.2014**

ऑन लाइन आवेदन करने से पहले ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण हिदायतें

कृपया ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि आप विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट सभी पात्रता अपेक्षाओं और अन्य शर्तों को पूरा करते हों।

एक बार जमा (Submit) करने के बाद आवेदन में किसी भी स्थिति में परिवर्तन/ पुन: जमा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, एक बार आवेदन के सफलतापूर्वक जमा हो जाने पर ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा भरे गए किसी डाटा/विवरण में बदलाव करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले कृपया सभी डाटा/विवरण अपने सामने तैयार रखें, जैसे :

- प्राप्तांकों का प्रतिशत ठीक से दिखाने के लिए अपनी अर्हता से संबंधित सभी सेमेस्टरों/वर्षों की अंक तालिकाएं। किसी संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा किसी सेमेस्टर/वर्ष विशेष के लिए दिए गए वेटेज को ध्यान में न रख कर सभी सेमेस्टरों/वर्षों के औसत के आधार पर अंकों का प्रतिशत निकाला जाए। जहां कहीं सीजीपीए/ओजीपीए या किसी डिप्लोमा में लेटर ग्रेड दिया गया हो तो विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष अंकों का प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए।

- कार्य क्षेत्र (Industry) के प्रकार, तारीख, पद, वेतनमान और कार्य के विवरण के साथ अनुभव का ब्यौरा दिया जाए। यदि आपने किसी संगठन में विभिन्न पदों पर काम किया हो तो उस संगठन में धारित विभिन्न पदों की तारीख, पदनाम, वेतनमान और कार्य का ब्योरा दें।
- ऑनलाइन आवेदन में एक बार भरी गई श्रेणी [अनु.जा/अ.जन जा/अ.पि.व.(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी] में परिवर्तन नहीं किया जाएगा और बाद में अन्य श्रेणी का लाभ देय नहीं होगा।

- ऑनलाइन आवेदन करते समय आपके पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए क्योंकि भविष्य में आपके साथ पत्राचार करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाएगा। यदि आपके पास ई-मेल आईडी नहीं है तो ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले नया ई-मेल आईडी बना लें।

- अनु.जा./अ.जन जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड प्रति के साथ भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट किए अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित प्रारूप में जारी संबंधित जाति प्रमाणपत्र/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र जमा करना होगा । निर्दिष्ट प्रारूप डाउनलोड करने के लिए **"Download prescribed format for SC/ST/OBC(NCL)/PWD Certificate"** पर संबंधित लिंक को क्लिक करें जो गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के कैरियर खंड में उपलब्ध है ।

- सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को **गेल (इंडिया) लिमिटेड के पक्ष में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , वाघोडिया, जिला: वडोदरा , (शाखा कोड: 9927) में देय डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर** के माध्यम से रु.50/- (पचास रुपये मात्र) के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा । अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय डिमांड ड्राफ्ट का नंबर तथा आवेदन शुल्क संबंधी अन्य विवरण (जैसे बैंक का नाम, ब्रांच का नाम, शहर, तारीख और डीडी नंबर) अपने पास तैयार रखें ।

- ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने के बाद आपको अपने ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने/रजिस्ट्रेशन की पुष्टि-स्वरूप एक स्वत: जनित ई-मेल प्राप्त होगा ।

- ऑनलाइन आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी को सिस्टम द्वारा जनित आवेदन फार्म दो प्रतियों में डाउनलोड करना होगा, जिस पर विशिष्ट रजिस्ट्रेशन नंबर, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर तथा अन्य विवरण के लिए स्थान होगा । अभ्यर्थी को विधिवत हस्ताक्षर किया हुआ और नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो लगा हुआ आवेदन पत्र का प्रिंट आउट भेजना होगा और उसके साथ विस्तृत विज्ञापन में वर्णित अनुसार अपेक्षित डिमांड ड्राफ्ट (जहां लागू हो) तथा आयु, शैक्षिक योग्यता, जाति/जनजाति प्रमाणपत्र (अनु.जा./अ.जन जा./अ.पि.व.(एनसीएल) अभ्यर्थियों पर लागू), अशक्तता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के मामले में), भूतपूर्व सैनिक प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के मामले में), अनुभव प्रमाणपत्र/दस्तावेज (ऑनलाइन आवेदन पत्र वर्णित अनुसार अनुभव के विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी) आदि के समर्थन में प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां भी संलग्न करनी होंगी । डिमांड ड्राफ्ट के पिछली तरफ रजिस्ट्रेशन नंबर, नाम, पद और श्रेणी का उल्लेख किया जाए । यदि आवेदन पत्र में अधिलेखन या छेड़छाड़ की जाती है तो संबंधित अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी । उपर्युक्त विवरण युक्त लिफाफे पर **"……… के पद हेतु आवेदन" (पद तथा** यथास्थिति **श्रेणी : यू आर / अ.जा./ अ.ज.जा / अ.पि.व. (एनसीएल)/ पीडब्ल्यूडी)** का उल्लेख किया जाए और उसे **रजिस्टर्ड /स्पीड पोस्ट** द्वारा निम्नलिखित पते पर भेज दिया जाए:

वरिष्ठ प्रबंधक (मा. सं.),
गेल (इंडिया) लिमिटेड, जीआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट
वाघोडिया , जिला : वडोदरा
पिन - 391760

- ऊपर वर्णित विवरण के साथ आवेदन उक्त पते पर **15.12.2014** तक पहुंच जाना चाहिए ।
- यदि आपको ऑनलाइन आवेदन में कोई कठिनाई हो तो आप हमें hrvaghodia@gail.co.in पर लिख सकते हैं।

गेल/रिक्रूट/ ओपेन /वाघो/ एनई /1 /2014